SHIMLAहिमाचल

राजकीय महाविद्यालय धामी में मनाया गया ‘संगीत और सम्मान का समारोह समागम-2023।

DEC 23, 2023

Spread the love

23 दिसंबर, 2023 राजकीय महाविद्यालय धामी, शिमला में महाविद्यालय के कार्यक्रमों को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए विशेष योगदान देने वाले वालंटियर्स को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह ‘समागम -2023’ का आयोजन किया गया। वालंटियर्स को समर्पित इस अनूठे समारोह का शुभारंभ केंद्रीय छात्र परिषद, राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना, रोवर्स व रेंजर्स तथा सांस्कृतिक व खेलकूद विभाग के वालंटियर्स द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संगीत विभाग द्वारा शास्त्रीय संगीत आधारित गीत, ग़ज़ल और लोकगीतों की पन्द्रह प्रस्तुतियाँ पेश की गयी। महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में सहयोग देने वाले 70 वालंटियर्स को प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर द्वारा सम्मान में

सर्टिफिकेट दिए गए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कक्षा-कक्ष अध्ययन के अलावा गैर-शैक्षणिक गतिविधियों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होता है। अन्ततः विद्यर्थियों को समुदाय का सदस्य बनना है, जिसकी तैयारी इन

गतिविधियों से होती है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. प्रवीण जरेट, एसोसिएट प्रोफेसर, संगीत ने विशेष भूमिका निभाई। डॉ. संतोष ठाकुर, उप-प्राचार्य, ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया।